CREDA

# क्रेडा

## प्रमुख उपलब्धियां
## एवं
## नवाचारी कार्य



# सौर सुजला योजना

राज्य के विद्युत पहुंचविहीन क्षेत्रों के कृषकों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयोजन से राज्य शासन द्वारा सौर सुजला योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजनांतर्गत अब तक 3 एच. पी. एवं 5 एच. पी. क्षमता के कुल 92,000 से अधिक सोलर पम्पों की स्थापना की गई है।

**विगत ढाई वर्षों से अब तक लगभग 42,000 से अधिक सोलर पंपों की स्थापना की गई है।**






ग्राम-कुटुमबुड़ा, जिला-गरियाबंद

**श्री भूपेश बघेल**
माननीय मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन

## छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा)

ऊर्जा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन

CREDA

Toll Free No. 18001234591
Log on: www.creda.co.in

व्ही.आई.पी.रोड, ऊर्जा शिक्षा उद्यान के पास, फुण्डहर चौक, रायपुर (छ.ग.)

# सोलर पेयजल योजना

पहुँचविहीन ग्राम जहाँ विद्युत प्रदाय न होने के कारण पम्प की स्थापना किया जाना संभव नहीं था ऐसे स्थलों में क्रेडा द्वारा सोलर हैंड पम्प की स्थापना की गई है। सोलर पम्प (ऊँचाई 6 मीटर) से ग्राम वासियों को 24 घंटे जल उपलब्ध हो जाता है तथा उन्हें पानी लाने हेतु दूर नहीं जाना पड़ता। अब तक कुल 12,838 नग सोलर पम्पों (कुल क्षमता 11,838 कि.वॉ) की स्थापना की जा चुकी है।



ग्राम- खर्रा (पाटन), जिला-दुर्ग

**विगत ढाई वर्षो से अब तक 3916 सोलर पंपों की स्थापना की गई है।**

ग्राम- सुपगांव, जिला- नारायणपुर

## जल जीवन मिशन

जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देश के समस्त ग्रामों के हर घर तक स्वच्छ पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण से जल जीवन मिशन योजना की शुरुआत की गई है। मिशन का लक्ष्य 2024 तक ग्रामीण भारत के सभी घरों में व्यक्तिगत घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से स्वच्छ गुणवत्तापूर्ण पानी उपलब्ध कराना है। क्रेडा द्वारा इस योजनांतर्गत 9 मीटर एवं 12 मीटर ऊंचाई तथा 10,000 लीटर क्षमता की पानी टंकी स्थापित कर पेयजल की आपूर्ति की जाती है।

**विगत ढाई वर्षो से जल जीवन मिशन अंतर्गत अब तक 597 नग सोलर पंपों की स्थापना की गई है।**




श्री भूपेश बघेल
माननीय मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन

छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा)
ऊर्जा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन

Toll Free No. 18001234591
Log on: www.creda.co.in

व्ही.आई.पी.रोड, ऊर्जा शिक्षा उद्यान के पास, फुण्डहर चौक, रायपुर (छ.ग.)

# सौर सामुदायिक सिंचाई योजना

राज्य में ऐसे लघु एवं सीमांत कृषकों की संख्या बहुत अधिक है जिनके पास कृषि भूमि उपलब्ध होने के बावजूद वे उचित सिंचाई व्यवस्था के अभाव में केवल वर्षा के जल पर ही निर्भर रहते हैं एवं साल में केवल एक ही फसल ले पाते हैं। ऐसे लघु व सीमांत कृषकों के समूहों, जिनकी कृषि भूमि सतही जलस्त्रोत के निकट हैं, का चयन कर सामुदायिक रुप से उन्हें सोलर पंप के माध्यम से सिंचाई की व्यवस्था उपलब्ध करवाई जाती है तथा वे साल में एक से अधिक फसलों हेतु कृषि कर सकते हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है। अब तक कुल 219 परियोजनाओं में 291 सिंचाई पंपों की स्थापना की गई (कुल क्षमता 1930 कि.वॉ.) जिससे 2186 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई की जा रही है, जिससे लगभग 1985 हितग्राही लाभान्वित हैं।

विगत ढाई वर्षो में अब तक कुल 28 परियोजनाओं में 73 सिंचाई पम्पों की स्थापना की गई है, जिसकी कुल क्षमता 839.30 कि.वॉ. है। इससे 1022.49 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई की जा रही है जिससे लगभग 796 हितग्राही लाभान्वित हो रहे हैं।



ग्राम- चिखलदा, जिला-मुंगेली

श्री भूपेश बघेल
माननीय मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन

छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा)
ऊर्जा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन


Toll Free No. 18001234591
Log on: www.creda.co.in

व्ही.आई.पी.रोड, ऊर्जा शिक्षा उद्यान के पास, फुण्डहर चौक, रायपुर (छ.ग.)

# सोलर जल शुद्धिकरण संयंत्र

छत्तीसगढ़ राज्य खनिज सम्पदा से परिपूर्ण है। यहाँ के भूमिगत जल में टीडीएस, आयरन एवं फ्लोराईड की मात्रा अधिक है। अतः कई क्षेत्रों में भूमिगत जल पीने योग्य नहीं है तथा दूषित जल के उपयोग से डायरिया एवं पीलिया जैसी अनेक बीमारियां होने की संभावना होती है। क्रेडा द्वारा शुद्ध पेयजल प्रदाय हेतु राज्य में अब तक कुल 313 नग सौर ऊर्जा आधारित वॉटर प्यूरिफिकेशन संयंत्र की स्थापना की जा चुकी है, जिसकी कुल क्षमता 261.6 कि.वॉ. है।

विगत ढाई वर्षो से अब तक 65 नग सौर ऊर्जा आधारित वॉटर प्यूरिफिकेशन संयंत्र की स्थापना की जा चुकी है, जिसकी कुल क्षमता 58.5 कि.वॉ. है।



ग्राम-ढेबीखार, जिला-बलौदाबाजार

श्री भूपेश बघेल
माननीय मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन

छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा)
ऊर्जा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन
CREDA

Toll Free No. 18001234591
Log on: www.creda.co.in

व्ही.आई.पी.रोड, ऊर्जा शिक्षा उद्यान के पास, फुण्डहर चौक, रायपुर (छ.ग.)

# ग्रिड कनेक्टेड सोलर रुफ टॉप

200 कि.वॉ. रुफ टॉप सोलर पावर प्लांट, रायपुर



नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के ग्रिड कनेक्टेड सोलर रुफ टॉप योजना के तहत् राज्य के शासकीय एवं निजी भवनों की छतों पर ग्रिड कनेक्टेड सौर संयंत्र की स्थापना छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) माध्यम से की जा रही है। उक्त परियोजना के तहत् भवनों में उपभोग की विद्युत क्षमता एव छतों पर उपलब्ध क्षेत्रफल के आधार पर न्यूनतम 1 किलोवाट से अधिकतम **Contract Demand** क्षमता के सौर संयंत्रों की स्थापना की जाती है।

ऐसे क्षेत्र जिसमें निर्बाध रुप से दिन के समय बिजली की आपूर्ति होती है और दिन के समय बिजली की जरुरतों का उपयोग किया जाता है वहाँ ग्रिड सोलर पावरप्लांट (बैटरी रहित संयंत्र) का उपयोग कर बिजली ग्रिड में दी जा सकती है। अब तक कुल 30 मेगावॉट क्षमता के 322 रुफटॉप ग्रिड कनेक्टेड सौर संयंत्रों की स्थापना विभिन्न शासकीय कार्यालयों, अस्पतालों, राज्य शासन के मुख्यालयों, शिक्षण संस्थाओं एवं निजी संस्थाओं में की जा चुकी है। जिससे प्रति वर्ष 44.95 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन होता है।

**विगत ढाई वर्षो से अब तक 18.5 मेगावॉट क्षमता के रुफटॉप ग्रिड कनेक्टेड 183 सौर संयंत्र स्थापित किये जा चुके हैं।**

# वृहद् स्तर पर ग्रिड कनेक्टेड सोलर पावर प्लांट

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के जवाहर लाल नेहरु नेशनल सोलर मिशन के तहत् राज्य में वृहद स्तर के ग्रिड कनेक्टेड सोलर पावर प्लांट स्थापित किये गये हैं उक्त प्लांट से उत्पादित विद्युत ग्रिड में प्रवाहित की जा रही है।

सोलर पावर प्लांट से उत्पादित विद्युत ग्रिड में प्रवाहित किए जाने से कोयला आधारित विद्युत की निर्भरता कम होगी तथा वायु में कार्बन डायआक्साईड, कार्बन मोनोआक्साईड तथा अन्य ग्रीन हाउस गैस के उत्सर्जन में कमी आएगी जो कि पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने में सहायक होगा। अब तक कुल 222 मेगावॉट क्षमता के वृहद् स्तर के 18 ग्रिड कनेक्टेड सोलर पावर प्लांट स्थापित किये गये हैं।

- विगत ढाई वर्षो से अब तक 45.83 मेगावॉट क्षमता के वृहद् स्तर के 06 ग्रिड कनेक्टेड सोलर पावर प्लांट स्थापित किये गये हैं।
- सौर ऊर्जा नीति संशोधन उपरांत अक्टूबर, 2020 के बाद से अब तक 412 मे.वॉ. क्षमता के कुल 22 संयंत्रों के प्रस्ताव प्राप्त हुए जिनका पंजीयन किया जा चुका है।

50 मेगावॉट सोलर पावर प्लांट, ग्राम- राजपुर, जिला-दुर्ग



# ऑफग्रिड सोलर पावर प्लांट


ग्राम-नवागांव, जिला-बिलासपुर

प्रदेश के स्वास्थ्य केन्द्रों, आश्रमों/छात्रावासों, शालाओं, पुलिस थानों, शासकीय भवनों, घरेलू, व्यवसायिक परिसर, संस्थागत तथा सामुदायिक स्थलों में ऑफग्रिड रुफटॉप सौर संयंत्रों की स्थापना का कार्य किया जा रहा है।

इस योजना अंतर्गत योग्य अनुदान उपरांत शेष हितग्राही अंश प्राप्त कर संयंत्रों की स्थापना का कार्य किया जाता है। सौर संयंत्रों की स्थापना से न सिर्फ प्रकाश व्यवस्था की जा रही है बल्कि ऊर्जा संरक्षण भी किया जा रहा है। क्रेडा के गठन उपरांत अब तक कुल 6231 नग (क्षमता18 मेगावॉट) संयंत्रों की स्थापना की जा चुकी है।

**विगत ढाई वर्षों से अब तक 1007 नग (क्षमता 3.6 मेगावॉट) ऑफग्रिड रुफटॉप सौर संयंत्रों की स्थापना की जा चुकी है।**

## शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों/अस्पतालों में सोलर पावर प्लांटों की स्थापना

राज्य में अब तक कुल 1267 शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों/अस्पतालों में सोलर पावर प्लांटों की स्थापना की गई है, जिसकी क्षमता 3.9 मेगावॉट है। इससे प्रति वर्ष 5991750 Kwh (यूनिट) बिजली का उत्पादन होता है। स्वास्थ्य केन्द्रों में जीवन रक्षक मशीनें तथा वैक्सीन इत्यादि उपयोग की जाती हैं जिन्हें अबाधित विद्युत प्रदाय की आवश्यकता होती है। विद्युत प्रदाय बाधित होने तथा वोल्टेज अप-डाऊन की समस्या दूर करने हेतु स्वास्थ्य केन्द्रों का सौर विद्युतीकरण किया गया है।

**विगत ढाई वर्षों से अब तक 277 नग (क्षमता 0.77 मेगावॉट) सोलर पॉवर प्लांटों की स्थापना की गई है।**


ग्राम-धनोरा, जिला-नारायणपुर

श्री भूपेश बघेल
माननीय मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन

छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा )
ऊर्जा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन

CREDA

Toll Free No. 18001234591
Log on: www.creda.co.in

व्ही.आई.पी.रोड, ऊर्जा शिक्षा उद्यान के पास, फुण्डहर चौक, रायपुर (छ.ग.)

# अविद्युतीकृत ग्राम / मजरा-टोला / बसाहटों में सोलर विद्युतीकरण

## (सौभाग्य, डी.डी.यू.जी.जे.वाय. एवं ग्रामीण विद्युतीकरण योजना)

विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार समस्त अविद्युतीकृत ग्राम / मजरे-टोलों / बसाहटों का विद्युतीकरण किया जा चुका है। राज्य के कई ऐसे मजरे-टोले हैं, जहाँ के निवासरत् ग्रामीण बिजली न होने के कारण भौतिक सुख-सुविधाओं से वंचित थे। जिनका विद्युतीकरण कार्य पूर्ण हो चुका है। अब तक राज्य में 1,38,000 से अधिक घरों का सोलर विद्युतीकरण किया जा चुका है, जिसमें 1,317 गांव शामिल हैं।


ग्राम-बोदाली, जिला- बस्तर

**विगत ढाई वर्षों से अब तक 40,394 घरों का सोलर विद्युतीकरण किया जा चुका है।**

ग्राम-कोकड़ी, जिला- गरियाबंद


श्री भूपेश बघेल
माननीय मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन

छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा)
ऊर्जा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन

वी.आई.पी.रोड, ऊर्जा शिक्षा उद्यान के पास, फुण्डहर चौक, रायपुर (छ.ग.)

Toll Free No. 18001234591
Log on: www.creda.co.in

# सोलर हाई मास्ट

क्रेडा द्वारा राज्य के ग्रामों, कस्बों, निकायों, शहरों के मुख्य चौराहों / सार्वजनिक स्थलों में प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराए जाने के दृष्टिकोण से सोलर हाई मास्ट संयंत्रों की स्थापना की जा रही है। इन संयंत्रों की सुंदरता व बाधा रहित प्रकाश व्यवस्था के कारण यह संयंत्र अत्यंत लोकप्रिय हो चुका है। इससे रात्रिकालीन आवागमन सुरक्षित हो रही है। इन संयंत्रों की स्थापना से अंधकार के कारण होने वाली दुर्घटनाओं एवं अपराधों में कमी लाई जा सकती है। राज्य में अब तक 2048 नग सोलर हाईमास्ट संयंत्रों की स्थापना की जा चुकी है।

ग्राम- गढ़बेंगल, जिला-नारायणपुर



**विगत ढाई वर्षो से अब तक 1279 नग सोलर हाईमास्ट संयंत्रों की स्थापना की गई है।**



तालाब, जिला - दंतेवाड़ा

श्री भूपेश बघेल
माननीय मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन

छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा)
ऊर्जा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन

CREDA

Toll Free No. 18001234591
Log on: www.creda.co.in

व्ही.आई.पी.रोड, ऊर्जा शिक्षा उद्यान के पास, फुण्डहर चौक, रायपुर (छ.ग.)

# सोलर कोल्ड स्टोरेज



राज्य के ऐसे स्थल जहां विद्युत का प्रदाय नियमित रुप से संभव नहीं है अथवा प्रायः वोल्टेज फ्लकचुवेशन की स्थिति बनी रहती है, ऐसे स्थलों में सोलर कोल्ड स्टोरेज संयंत्र सब्जियां, फल एवं फूल इत्यादि के स्टोरेज हेतु अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकता है। राज्य में अब तक कुल 56 नग सोलर कोल्ड स्टोरेज की स्थापना की जा चुकी है, जिसकी कुल क्षमता 280 कि.वॉ. है।

विगत ढाई वर्षो से अब तक 9 नग सोलर कोल्ड स्टोरेज की स्थापना की गई है, जिसकी कुल क्षमता 40.5 कि.वॉ. है।

ग्राम- बरिमा (मैनपाट), जिला-सरगुजा



CREDA

छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा)

ऊर्जा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन

श्री भूपेश बघेल

माननीय मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन

व्ही.आई.पी.रोड, ऊर्जा शिक्षा उद्यान के पास, फुण्डहर चौक, रायपुर (छ.ग.)

Toll Free No. 18001234591

Log on: www.creda.co.in

# सौर गर्म जल संयंत्र



जिला - रायपुर

प्रदेश के विद्युतविहीन तथा वनाच्छादित क्षेत्रों में निवासरत् ग्रामीण, आदिम जाति एवं अनुसूचित जनजाति के जनसामान्य को गर्म जल की उपलब्धता कराये जाने के प्रयोजन से राज्य शासन द्वारा मुख्यतः स्वास्थ्य केन्द्रों तथा आदिवासी छात्रावासों में सौर गर्म जल संयंत्र परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस परियोजना के माध्यम से प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में सामान्यतः उपयोग किये जाने वाले गीज़र (पारंपरिक ऊर्जा चलित) के स्थान पर अपरंपरागत ऊर्जा स्त्रोतों को बढ़ावा देने हेतु भी इस परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। परियोजना के क्रियान्वयन से न सिर्फ ग्रामीण एवं विद्युत बाधित क्षेत्रों में रहने एवं अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं को गर्म पानी की उपलब्धता हुई है, अपितु शहरी क्षेत्रों में भी क्रेडा द्वारा इन संयंत्रों की स्थापना कर ऊर्जा संरक्षण का कार्य संपादित किया गया है। अब तक 22,51,060 एल पी डी क्षमता गर्म जल संयंत्रों की स्थापना की जा चुकी है।

**विगत ढाई वर्षो से अब तक 2,46,150 एल पी डी क्षमता गर्म जल संयंत्रों की स्थापना की गई है।**



सराईपाली, जिला - महासमुंद


**श्री भूपेश बघेल**
माननीय मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन

**छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा)**
ऊर्जा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन

CREDA

Toll Free No. 18001234591
Log on: www.creda.co.in

व्ही.आई.पी.रोड, ऊर्जा शिक्षा उद्यान के पास, फुण्डहर चौक, रायपुर (छ.ग.)

# नवीन राष्ट्रीय बायोगैस एवं खाद प्रबंधन कार्यक्रम

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत् जनसामान्य को स्वच्छ एवं स्वस्थ ईंधन का उपयोग कर भोजन निर्माण हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बायोगैस संयंत्र आधारित परियोजना का क्रियान्वयन राज्य शासन द्वारा किया जा रहा है। इस परियोजना का एक मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के कृषकों को उन्नत व उत्तम गुणवत्ता की खाद उपलब्ध कराना भी है। बायोगैस संयंत्र का उपयोग कर जलाऊ लकड़ी, एल.पी.जी., कैरोसिन आदि की बचत की जा सकती है। अभी तक क्रेडा द्वारा लगभग 59,849 घरेलू बायोगैस संयंत्रों का निर्माण प्रदेश में किया गया है। (कुल क्षमता 1,39,973 घन मीटर)

ग्राम - पाहंदा (पाटन), जिला - दुर्ग




**विगत ढाई वर्षों से अब तक 5,095 घरेलू बायोगैस संयंत्र स्थापित किये गये हैं।**

ग्राम - बिरकोनी, जिला - महासमुंद

# संस्थागत बायोगैस संयंत्र



15 से 85 घनमीटर क्षमता तक बड़े बायोगैस संयंत्रों की स्थापना गौशाला, कृषि फार्म, पोल्ट्री फार्म इत्यादि में की गई है। क्रेडा के गठन के पश्चात् क्रेडा द्वारा 87 संस्थागत बायोगैस संयंत्रों का निर्माण प्रदेश में किया गया। (कुल क्षमता 4075 घन मीटर) विगत ढाई वर्षों में 2 नग संस्थागत बायोगैस संयंत्रों का निर्माण किया गया है, जिसमें 200 घन मी. गोकुल नगर (नगर निगम) राजनांदगांव तथा निजी क्षेत्र में 1200 घन मी. सारडा डेयरी एण्ड फूड प्रोडक्ट्स की स्थापना की गई है।

श्री भूपेश बघेल
माननीय मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन

छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा)
ऊर्जा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन

Toll Free No. 18001234591
Log on: www.creda.co.in

व्ही.आई.पी.रोड, ऊर्जा शिक्षा उद्यान के पास, फुण्डहर चौक, रायपुर (छ.ग.)

# ऊर्जा शिक्षा उद्यान


ऊर्जा शिक्षा उद्यान, बिलासपुर

छत्तीसगढ़ राज्य में रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर, राजनांदगांव, कबीरधाम तथा कोटमी सोनार में क्रेडा द्वारा ऊर्जा शिक्षा उद्यान की स्थापना की गई है। इन उद्यानों में अपारम्परिक ऊर्जा स्त्रोतों के उपकरण एवं संयंत्र पूर्ण जानकारी के साथ प्रदर्शित किये गये हैं। ऊर्जा शिक्षा उद्यान रायपुर एवं बिलासपुर में विगत वर्ष जीर्णोद्धार का कार्य किया गया है। जिसके अंतर्गत नये मॉडल, लैंडस्केपिंग, आकर्षक फ्लॉवर बेड का डिजाईन व मनोरंजन के संसाधनों में वृद्धि की गई है जिसे आम पर्यटक द्वारा नये उमंग व रोचक जानकारी के साथ रमणीक स्थल के रुप में पसंद किया जा रहा है ।

**दुर्ग जिले के विकासखण्ड पाटन में नये ऊर्जा शिक्षा उद्यान की स्थापना की जा रही है।**

**विगत ढाई वर्षो में ऊर्जा शिक्षा उद्यान रायपुर एवं बिलासपुर का जीर्णोद्धार किया गया है।**



ऊर्जा शिक्षा उद्यान, रायपुर

श्री भूपेश बघेल
माननीय मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन

छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा)
ऊर्जा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन

Toll Free No. 18001234591
Log on: www.creda.co.in

व्ही.आई.पी.रोड, ऊर्जा शिक्षा उद्यान के पास, फुण्डहर चौक, रायपुर (छ.ग.)

# नदी / एनीकट के समीप स्थित ग्रामों के तालाबों को सौर प्रणाली के माध्यम से भरे जाने की योजना।

छत्तीसगढ़ ग्रामों से परिपूर्ण प्रदेश है, यहां की अधिकतम आबादी ग्रामों में निवास करती है। राज्य के लगभग सभी ग्रामों में पर्याप्त संख्या में तालाब निर्मित हैं। ये तालाब न केवल ग्रामों की सुंदरता को बढ़ाते हैं, अपितु ग्रामीणों के रोजमर्रा के निस्तारी हेतु जल की जरुरत को भी पूरा करते हैं, जैसे सामान्यतः ग्रामों में निवासरत् परिवार स्नान के साथ-साथ कपड़े धोने हेतु आवश्यक जल की पूर्ति तालाब से ही करते हैं, जंगली पशु-पक्षी तो तालाबों पर निर्भर रहते ही हैं साथ ही ग्रामीणों के मवेशी भी तालाब का ही पानी पीते हैं, इन मवेशियों के रोजाना साफ-सफाई के लिए आवश्यक जल की पूर्ति भी इन्हीं तालाबों के माध्यम से ही संभव हो पाती है। गांवों में तालाबों का महत्व बहुत अधिक है, ग्रामों की संस्कृति तालाब से जुड़ी होती है और यह ग्रामीणों का अभिन्न अंग है।

जिस प्रकार राज्य में तालाबों की संख्या बहुतायत में है ठीक उसी प्रकार नदी-नाले एवं अन्य सतही जलस्त्रोतों की संख्या भी राज्य में बहुत अधिक है, राज्य में नदियों के प्रवाह क्षेत्र में नदी के जल को एकत्रित करने के उद्देश्य से काफी मात्रा में एनीकट एवं बैराज भी निर्मित किये गये हैं जिनमें से बहुत से एनीकटों में साल भर जल उपलब्ध रहता है, इसके ठीक विपरीत ग्रामों के तालाबों में साल भर जल उपलब्ध नहीं हो पाता कुछ तालाब तो जनवरी-फरवरी माह में ही सूख जाते हैं। इन कारणों से विभिन्न प्रयोजनों हेतु उन तालाबों पर आश्रित ग्रामीणों को विकट समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण व्यवस्थाओं को साल भर सुचारु ढंग से चलायमान रखने के लिए यह अत्यन्त आवश्यक है कि ग्रामों के निकट स्थित नदी / एनीकटों में उपलब्ध जल से उक्त ग्रामों के तालाबों को सौर प्रणाली के माध्यम से भरा जाए।

उपरोक्त व्यवस्था हेतु 10 एच.पी. क्षमता के 02 नग सोलर पंपों की स्थापना ग्रामों के निकट स्थित नदी / एनीकटों में कर उनमें उपलब्ध जल को लिफ्ट कर अण्डरग्राऊंड पाईप लाईन के माध्यम से तालाबों को भरे जाने की योजना है।

**वर्ष 2020-21 से अब तक 20 तालाबों को भरे जाने का कार्य प्रगति पर है।**

**वर्ष 2021-22 में 28 तालाबों को भरे जाने का लक्ष्य रखा गया है।**




**श्री भूपेश बघेल**
माननीय मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन

**छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा)**
ऊर्जा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन

CREDA

Toll Free No. 18001234591
Log on: www.creda.co.in

व्ही.आई.पी.रोड, ऊर्जा शिक्षा उद्यान के पास, फुण्डहर चौक, रायपुर (छ.ग.)

# सोलर ट्रायसाइकिल



दिव्यांगों को दैनिक कार्यो हेतु आवागमन संबंधी समस्याओं से निज़ात दिलाने के लिए क्रेडा द्वारा सोलर ट्रायसाइकिल विकसित की गई है। इस ट्रायसाइकिल में सौर प्रणाली उपयुक्त स्वतः चार्ज होने वाली लिथियम बैटरी स्थापित की गई है जिससे ट्रायसाइकिल के संचालन हेतु पर्याप्त बैक-अप प्राप्त होता है।

इस नवीन योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में 280 नग सोलर ट्रायसाइकिल का वितरण किया जाना प्रस्तावित है।

**नवीन योजना**



श्री भूपेश बघेल
माननीय मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन

**छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा)**
ऊर्जा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन

वी.आई.पी.रोड, ऊर्जा शिक्षा उद्यान के पास, फुण्डहर चौक, रायपुर (छ.ग.)
Toll Free No. 18001234591
Log on: www.creda.co.in





**छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा)**

ऊर्जा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन

व्ही.आई.पी.रोड, ऊर्जा शिक्षा उद्यान के पास, फुण्डहर चौक, रायपुर (छ.ग.)

**Toll Free No. 18001234591**

**Log on: www.creda.co.in**